


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04 : अंक : 96 | ग्वालियर, बुधवार 26 मई 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




**एक नजर...**

## ब्लैक, वाइट के बाद येलो फंगस पर डॉक्टरों की अलग-अलग राय



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के बाद अब ब्लैक फंगस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. कई राज्यों ने इसे महामारी घोषित कर दिया है. बिहार, हरियाणा, गाजियाबाद में अब वाइट और यलो फंगस के मामले सामने आए हैं. इसी बीच डॉक्टरों की इन सभी फंगस पर अलग-अलग राय देखने को मिल रही हैं. हाल ही में गाजियाबाद में एक मरीज मे येलो फंगस का मामला सामने आया. येलो फंगस (म्यूकर स्पेक्टिक्स) कहे जाने वाले इस फंगस पर कुछ डॉक्टर का कहना है कि इसपर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी. हालांकि, कुछ डॉक्टर ने साफ किया कि मेडिकल लिटरेचर में येलो फंगस नाम का कोई शब्द ही नहीं हैं. राजस्थान जोधपुर एम्स अस्पताल के डॉ अमित गोयल ने बताया कि, येलो फंगस का एक मामला सामने आया है और इसका कोई ऑथेंटिक सोर्स नहीं है. जिधर ये रिपोर्ट हुआ है, इसको और देखना होगा. इसलिए इसपर कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी. दिल्ली एम्स अस्पताल के डॉकटर नीरज निश्छल ने बताया कि, येलो फंगस के नाम से कुछ साफ बयान नहीं होता कि किस बारे में बात हो रही है.

## गीतांजलि चेयर के वकील ने कहा, राहुल चोकसी के लापता होने की खबर सही

**नयी दिल्ली।** 13,500 करोड़ रुपये से अधिक के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित गीतांजलि समूह के अध्यक्ष मेहुल चोकसी के लापता होने की रिपोर्ट के कुछ घंटों बाद, उनके वकील विजय अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए इस बात की पुष्टि की है कि चोकसी की लापता होने वाली रिपोर्ट सही हैं. अग्रवाल का खुलासा तब सामने अया जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कहा कि वह आगे की कार्रवाई के लिए रिपोटरें की पुष्टि कर रहा है. सीबीआई के एक सूत्र ने कहा कि सीबीआई इंटरपोल सहित औपचारिक और अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोटरें को सत्यापित करने की कोशिश कर रही है.

## आरोग्य सेतु से पता चलेगा कोरोना वैक्सीनेशन का स्टेटस

**नई दिल्ली।** बीते साल कोरोना संक्रमितों का डेटा रखने, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग आदि के मकसद से तैयार किए गए आरोग्य सेतु ऐप पर अब टीकाकरण का स्टेटस भी पता चल सकेगा। अब तक इस ऐप का इस्तेमाल कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग, सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के लिए ही किया जा रहा था। इस ऐप का संचालन एनआईसी द्वारा किया जाता है। अब वैक्सीनेशन का स्टेटस भी इसके जरिए पता चल सकेगा। आपके आसपास कितने लोगों को कोरोना का टीका लगा है, यह भी आपको मालूम चलेगा। इसके अलावा टीका लगवाने वाले यूजर को डबल ब्लू टिक मिलेगा, जिसके जरिए वह बता सकेगा कि उसे टीका लग गया है। आरोग्य सेतु के ट्विटर अकाउंट पर मंगलवार को बताया गया, अब आपका वैक्सीनेशन स्टेटस आरोग्य सेतु ऐप पर भी अपडेट किया जा सकेगा। टीका लगवाएं। डबल ब्लू टिक पाएं और ब्लू शील्ड हासिल करें। आरोग्य सेतु ऐप ब्लूटूथ टेक्नोलॉजी और कॉन्टेक्ट नंबर का इस्तेमाल कर डेटा जुटाता है। कोरोना टेस्टिंग के सभी रिजल्ट लैबोरेट्रीज के द्वारा अपलोड किए जाते हैं और फिर आईसीएमआर उनका विश्लेषण करता है। एक बार जब कोई व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो आईसीएमआर यूजर का कॉन्टेक्ट नंबर आरोग्य सेतु के साथ शेयर करता है।

**टूलकिट विवाद में कांग्रेस ने ट्विटर को लिखी चिट्ठ**

# 11 केंद्रीय मंत्रियों के ट्वीट को मैन्युप्युलेटिव टैग दिए जाने की मांग

**दिल्ली।** कोरोना वायरस को लेकर जारी कथित टूलकिट मामले में लगातार विवाद बढ़ता ही जा रहा है. इस मामले में पहले माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर को नोटिस भेजने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने उसके दफ्तर पर पहुंचकर कल छानबीन की थी. दिल्ली पुलिस की एक टीम सोमवार को ट्विटर के दिल्ली और हरियाणा स्थित दफ्तर पर पहुंची. दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने हरियाणा के गुरुग्राम और दिल्ली के लाडो सराय क्षेत्र में स्थित ट्विटर दफ्तर पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है. टूलकिट मामले को लेकर ट्विटर पर शेयर किए गए पोस्ट्स के नीचे मैनिपुलेटेड मीडिया लिखने को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की और ट्विटर को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था.

अब इसके बाद कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्विटर को चिट्ठी लिखकर बीजेपी नेता संबित पात्रा की ही तरह कथित टूलकिट को शेयर करने वाले 11 केंद्रीय मंत्रियों के ट्वीट पर भी कार्रवाई करने की मांग की है. कथित टूलकिट के मामले में कांग्रेस ने ट्विटर से 11 केंद्रीय मंत्रियों के ट्वीट को भी मैनुपुलेटिव



मीडिया का टैग देने की मांग की है. जिन केंद्रीय मंत्रियों के ट्वीट की शिकायत की गई है, उनमें गिरिराज सिंह, पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, रविशंकर प्रसाद, प्रह्लाद जोशी, धर्मेंद्र प्रधान, रमेश पोखरियाल निशंक, थावरचंद गहलोत, डॉ. हर्षवर्धन, मुख्तार अब्बास नकवी, गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हैं. इन्होंने भी वह कथित टूलकिट ट्वीट किया था, जिस पर बवाल मचा हुआ है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ट्विटर इंडिया के प्रमुख को नोटिस भेजा था, लेकिन ट्विटर इंडिया के प्रमुख का जवाब दिल्ली पुलिस को अस्पष्ट लगा था. दिल्ली पुलिस की इस हरकत को लेकर कांग्रेस ने इस मामले में केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि डरपोक भाजपा सरकार रेड राज से फ़र्ज़ी टूलकिट का सच नहीं छिपा सकती. वहीं शिवसेना ने भी तंज कसा है. शिवसेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि राजनीतिक पार्टी के दफ्तर की जगह ट्विटर दफ्तर को चुना गया. वहीं अखिलेश यादव ने पुलिस की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और निंदनीय कृत्य बताया है.

## कोरोना आंकड़ों पर छिड़ा सियासी संग्राम, कार्यकर्ता सड़क पर आए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण से हुई मौतों के आंकड़ों को लेकर सियासी संग्राम छिड़ गया है. सरकार और भाजपा सीधे तौर पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ पर हमलावर है तो दूसरी ओर कांग्रेस भी दो-दो हाथ करने को तैयार है. कमल नाथ के खिलाफ भोपाल में मामला दर्ज हो गया है, तो वहीं सोमवार को पूरे प्रदेश में भाजपा ने रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिए और पुतला दहन किया. दूसरी ओर, कांग्रेस ने भी मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं न देने और लापरवाही के कारण हुई मौतों का आंकड़ा छुपाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी सहित अन्य पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है. राज्य में कोरोना महामारी में मरीजों को इलाज न मिलने, नकली



इंजेक्शन का उपयोग किए जाने, ऑक्सीजन की किल्लत जैसे कई मामले सामने आए है. राज्य सरकार ने चिकित्सकीय सामग्री व ऑक्सीजन सहित उपकरण की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की है. वहीं कोरोना से हुई मौतों को लेकर भ्रम बना हुआ है. सरकार की ओर से बताए जा रहे मौते के आंकड़ों पर सवाल उठ रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने तो दावा किया है कि कोरोना से सिर्फ मार्च व अप्रैल में ही एक लाख से ज्यादा मौतें हुई हैं. इस दावे को सरकार नकार रही है. इसके बाद से ही दोनों दलों में संग्राम छिड़ा हुआ है. कमल नाथ के खिलाफ भाजपा की शिकायत पर रविवार को मामला भी दर्ज किया जा चुका है.



## जमानत का आधार कोरोना वायरस नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। पूरे देश में कोरोना वायरस का संक्रमण फैला हुआ है. इसकी चपेट में आकर कई लोगों ने अपनी जान गवाई है. रोजाना करीब तीन लाख कोरोना सक्रमण के केस सामने आ रहे हैं. इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम बयान दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी कैदी को इस आशंका के आधार पर कि जेल में रहने पर कोरोना हो सकता है, किसी को ज़मानत नहीं दी जा सकती. कोर्ट को हर केस में उसकी मेरिट पर विचार करना होगा. दरअसल, यूपी सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के इसी आशंका के आधार पर एक आरोपी को अग्रिम जमानत देने के फैसले को चुनौती दी थी. यूपी सरकार का कहना था कि जिसे ज़मानत मिली, वह एक ठग है. 130 मामले उसके खिलाफ पेंडिंग है. बहरहाल कोर्ट ने यूपी सरकार की अर्जी पर नोटिस जारी किया. जुलाई के पहले हफ्ते के लिए मामला सुनवाई के लिए लगाया. मीनाक्षी लेखी को एमिकस क्युरी नियुक्त किया है.

**कोरोना से मौत के डर से नहीं मिल सकती अग्रिम जमानत**-उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया है. शीर्ष अदालत ने कहा कि अग्रिम जमानत पर फैसला केस की मेरिट के आधार पर किया जाना चाहिए. कोरोना संक्रम्ण होने से मौत के डर के चलते ऐसा नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि हाई कोर्ट ने ठगी के आरोपी को अग्रिम जमानत दी है और ये जमानत कोविड के कारण दी गई है.

## कैलाश विजयवर्गीय ने कोरोना की दूसरी लहर को चीन का वायरल वार बताया



**भोपाल।** कोरोना वायरस से हो रहे संक्रमण की दूसरी लहर ने भारत में कोहराम मचा रखा है. हर रोज लाखों लोग संक्रमित हो रहे हैं और इस कारण हजारों मौतें भी रही हैं. इस बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने अपने एक दावे से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माहौल गर्मा दिया है. उनका दावा है कि भारत में कोरोना की दूसरी लहर वास्तव में चीन की तरफ से भारत पर किया गया वायरल वार है. उन्होंने यह भी दावा किया है कि इसकी आड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को खत्म करने की साजिश रची गई है. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है.

### सिर्फ भारत में ही क्यों आई दूसरी लहर

अगर विजयवर्गीय के दावे की गंभीरता परखी जाए तो वह सोशल मीडिया से प्रेरित लगती है. विगत काफी दिनों से सोशल मीडिया में कहा जा रहा है कि की दूसरी लहर साजिश का हिस्सा है. इस कड़ी में विजयवर्गीय ने दावा करते हुए कहा है कि कोरोना की यह लहर आई है या भेजी गई है, यह सोचने वाली बात है. हमें लगता है कि यह चीन का वायरल वार है, क्योंकि सिर्फ भारत में ही दूसरी लहर आई है. पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, भूटान जैसे पड़ोसी देशों में नहीं आई.

**मध्य प्रदेश में लॉकडाउन से मिलेगी निजात**

## 1 से शुरू होगी कोरोना अनलॉक की प्रक्रिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस के नए मामलों में पिछले कुछ दिनों से कमी आ रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को राज्य को अनलॉक करने की प्रक्रिया के बारे में ऐलान किया। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया एक जून से शुरू होने जा रही है। इस हिसाब से मध्य प्रदेश में जल्द ही लोगों को लंबे समय ले लागू लॉकडाउन से निजात मिल जाएगी।

कोरोना की वजह से मध्य प्रदेश के लगभग सभी जिलों में 31 मई तक कोरोना कर्फ्यू लागू है, जिसमें लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगाई गई हैं। पिछले कई बार यह एक-एक हफ्ते करके बढ़ाया जा चुका है। राज्य सरकार का मानना है कि कोरोना कर्फ्यू की वजह से



मध्य प्रदेश में कोरोना की संक्रमण रोकने में मदद मिली है। कुछ समय में ही पॉजिटिविटी रेट और रोजाना के मामले तेजी से कम हुए हैं। कैबिनेट मीटिंग में बात करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मध्य प्रदेश कोविड -19 पर नियंत्रण पाने के कगार पर है। साथियों, यह आपकी मेहनत के साथ-साथ जनता के प्रयासों, संकट प्रबंधन समिति और प्रशासन के कारण संभव हो पाया है। चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश ने मंगलवार को केवल 2424 नए कोविड -19 मामले दर्ज किए और 7,373 लोग बीमारी से उबर गए। राज्य की रिकवरी दर 92.68त्न हो गई है और 15 जिलों में 10 से कम मामले सामने आ रहे हैं।

## टीकाकरण को बढ़ावा देने खेतों तक पहुंच रहे युवा समूह

**मध्य प्रदेश।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकने का बड़ा हथियार वैक्सीनेशन माना जा रहा है, इसके लिए जरुरी है कि आमजन में जागृति आए और वे वैक्सीन लगवाने तैयार हों. आदिवासी अंचलों में लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां हैं, इसे दूर करने के लिए धार जिले में यूथ फॉर चिल्ड्रन द्वारा गांव-गांव और खेत-खेत तक पहुंचकर अभियान चलाया जा रहा है. धार जिले का नालछा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और यहां के लोगों में कोरोना को लेकर डर है, वे वैक्सीनेशन के लिए आसानी से तैयार नहीं हो रहे हैं. यहां लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां हैं, वे यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि कोरोना को वैक्सीन से कैसे रोका जा सकता है. आदिवासी वैक्सीनेशन के लिए तैयार हों, इसके लिए यहां के गांव तक यूथ फॉर



चिल्ड्रन के स्वयं सेवक पहुंच रहे हैं. यूथ फॉर चिल्ड्रन के स्वयंसेवक गांव गांव जाकर लोगों का ऑक्सीजन लेवल चेक कर रहे हैं, लोगों को मास्क वितरण कर रहे हैं साथ ही लोगों को हाथ धोने की जानकारी दे रहे हैं. यह टोलियां लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं और इसका असर भी दिख रहा है, लोग टीकाकरण सेंटर पर जाकर वैक्सीनेशन करवा रहे हैं.

**दिल्ली में बीते 24 घंटे में 1568 नए केस**

## 4251 लोग हुए रिकवर 156 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर का कहर अब खत्म हो गया है। नए मामलों में कमी का दौर लगातार जारी है। दिल्ली में मंगलवार को जहां संक्रमितों की संख्या घटकर 1500 पर आ गई, वहीं अब संक्रमण दर भी घटकर 2 फीसदी पर पहुंच गई है। राहत की बात यह भी है कि आज मृतकों की संख्या 156 रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में जहां कोरोना के 1568 नए मरीज मिले हैं, वहीं 156 मरीजों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। अब संक्रमण दर घटकर 2.14 प्रतिशत पर आ गई है, जो सोमवार को 2.52 थी। बुलेटिन के अनुसार, आज 4,251 मरीज पूरी तरह ठीक होकर कोरोना मुक्त हो गए, जबकि सोमवार को यह संख्या 4,375 थी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दिल्ली में अब तक संक्रमितों की कुल संख्या 14,19,986 हो गई है और 11,915 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। राजधानी में अब कोरोना वायरस संक्रमण के एक्टिव केस घटकर 21,719 पर आ गए हैं। इसके साथ ही, अब तक कुल 13,74,682 मरीज इस महामारी को मात देकर ठीक भी हो चुके हैं। वहीं अब तक कुल मृतकों का आंकड़ा 23,565 पर पहुंच गया है।

## दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1568 नए मामले, 156 की मौत

**दिल्ली।** कोरोना की दूसरी लहर से सबसे अधिक प्रभावित रही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब नए मामलों में लगातार कमी आ रही है. स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 1568 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं. बता दें कि यह 30 मार्च के बाद से एक दिन में सबसे कम केस है. बीते 30 मार्च को दिल्ली में 992 केस की पुष्टि हुई थी. इसी के साथ दिल्ली में संक्रमण दर 2.14 फीसदी पर पहुंच गई है.

**दिल्ली में कोरोना के नए मामले**-दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 1568 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं एवं 156 मरीजों की कोरोना से जान गई है और 4,251 मरीज रिकवर हुए हैं. इस समय शहर में 21,739 मरीजों का इलाज चल रहा है. दिल्ली में अब तक 13,74,682 लोग ठीक हुए हैं और 23,565 मरीजों की मौत हुई है.




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोनः 0751-4901403

मो. 7879637585, 8870253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर...

### पीतांबरा मंदिर के सड़क के आरपार बने दो गेट उनमें से एक गेट ट्रैक्टर की टक्कर से गिरा टला बड़ा हादसा



संदीप प्रधान

**दतिया /** बताया जा रहा है कि गनीमत तो यह रही कि किसी को किसी तरह की जनहानि का नुकसान नहीं पहुंचा चार मोटरसाइकिल चपेट मैं हुए चकनाचूर जिस वक्त यह हादसा हुआ शाम का टाइम तकरीबन 6ः00 बजे जब सूचना पुलिस प्रशासन को मिली तो तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस दतिया जिला कलेक्टर संजय कुमार जी मौके पर पहुंचे और दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर अभी तुरंत मौके पर पहुंचे और एडिशनल एसपी कमल मौर्या भी मौके पर पहुंचे तुरंत जेसीबी द्वारा रास्ता खुलवाया गया गनीमत रही किसी को जनहानि का नुकसान नहीं पहुंचा और बताया जा रहा है कि जिस ट्रैक्टर का ड्राइवर मौके से फरार।

### वैश्विक महामारी में दिन रात गौ माता की सेवा गौ सेवको द्वारा निरन्तर जारी दुर्घटना में घायल गौ माता का गौ सेवक सुरेंद्र आर्य द्वारा लाया गया गौ सेवा धाम



श्योपुर। में गौ सेवको द्वारा घायल व बीमार गौ माता की सेवा गौ सेवको द्वारा दिन रात जारी है आज बड़ोदा रोड खातोली तिराहे के पास गौ माता का एक्सीडेंट हुआ था गौ माता उठ नहीं पा रही थी गौ सेवक सुरेंद्र आर्य को इदरिश खान से घायल गौ माता की सूचना मिली सूचना मिलते ही तुरन्त पहुचे गौ सेवक गौमाता को रिक्शा से गौसेवा धाम लाया गया.. गौ सेवा धाम में किया गौ सेवक राधे पचोरी ने किया उपचार।

### इन्द्रचंद परिहार ने तामीलनाडु मुख्यमंत्री राहत कोष में 51हजार रूपये की राशि सुपुर्द कीये

चैन्नई ः -संगठन के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में दान राशि भेंट करने के क्रम में आज जगदम्बा पौन ब्रोकर्स, पेरीयापाल्यम के मालिक इन्दरचन्द परिहार ने 51000/- रुपये की सहायता राशि प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज तिरुवलुर जिला अध्यक्ष महावीरचंद कटारिया जैन को सुर्फद किया इस कार्यक्रम मे सघंठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भभुतराम, कुलदानीया जाट , पप्पुलालर, प्रजापत, भागीरथ चौधरी, इन्दरचन्द के पिता गणेशराम परिहार,माताजी सुनिता देवी,परदादीसा नैनीबाई, दादीसा बाली बाई, बहिन लक्ष्मी और केराराम हांबड पेरीयापाल्यम मौजूद थे। परिहार परिवार को इस योगदान के लिए बहुत बहुत धन्यवाद जिन क्षैत्रों से सहायता राशि जुटाई जा रही हैं वहाँ के क्षैत्रीय पदाधिकारियों से विनम्र निवेदन हैं कि आप अतिशीघ्र राशि एकत्रित करके माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय स्वामी तेजानंद महाराज से संपर्क करें। जिससे समय रहते कुल राशि माननीय मुख्यमंत्री को सुपुर्द की जा सके।

### घर बैठकर 250 विद्यार्थियों ने दिया ऑनलाइन फ्री जीके मप्र टेस्ट



ग्वालियर सार्थक लॉ क्लासेज के द्वारा लॉकडाउन में विद्यार्थियों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए एक मेगा जीके ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया गया यह टेस्ट सभी के लिए निशुल्क रखा गया जिसको ऑनलाइन गूगल के माध्यम से कराया गया इस टेस्ट में पूरे मप्र से छात्रों ने भाग लिया,टेस्ट में मध्य प्रदेश जीके के प्रश्न दिए गए इस प्रश्न पत्र में मध्य प्रदेश सिविल जज एडीपीओ और मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से संबंधित विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया सार्थक लॉ क्लासेज के डायरेक्टर अमृतांशु शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था उन सभी विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रही है जिन विद्यार्थियों की पढ़ाई रुकी हुई है उनके लिए लॉ विषय की कक्षाएं दी जा रही हैं और एमपीपीएससी के लिए भी हमारी कक्षाएं शुरू होने वाली है बहुत ही कम फीस में ऑनलाइन कक्षा एवं निशुल्क टेस्ट के द्वारा हम विद्यार्थियों को अध्ययन कराने के लिए अपना स्ट्रक्चर तैयार कर रहे हैं जिससे आने वाले भविष्य में हम मध्य प्रदेश को नए कुछ लॉयर्स एवं अधिकारी प्रदान कर सकें।सार्थक एजुकेशनल एकेडमी में मुख्य रूप से दिशा ओसवाल मैम ,राहुल श्रीवास्तव ,आदित्य शर्मा सर एवं टीम अन्य सदस्य विद्यार्थियो को अध्ययन करा रहे है ।

### मौत के आंकड़े छुपाना देशद्रोह से कम नही-डॉ गोविंद सिंह जिले में हुई 178 मौतें कागजों में बताया सिर्फ 12



भिण्ड( अर्पित गुप्ता )प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री एवम लहार बिधायक डॉ गोविंद सिंह ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,स्वास्थ्य मंत्री प्रभूराम चौधरी,प्रभारी मंत्री एवम जिले के सभी बरिष्ठ अधिकारी जिन्होंने मोत के आकड़ो को छुपाने में मदद की है सभी के खिलाफ धारा 304,420,406,467,468,124ए,124(2)आपदा प्रवंधन अधिनियम 2005 की धारा 54 एवम अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के लिए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी भिंड राजकुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार लोगो की मौत पर शियासत कर रही है और जिले में हुई 178 मौतों को मात्र 12 बताक़र बाहबाही लूट रही है ये देशद्रोह की श्रेणी में आता है निंदनीय है और इसमे दोषियों के खिलाफ कार्यबाही होनी चाहिए इस मौके पर उनके साथ गोहद बिधायक मेबाराम जाटव,रामनारायण हिंडोलिया,डॉ राधेश्याम शर्मा, खिजर मुहम्मद कुरैशी, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पिंकी,शालू पुरोहित,आसीर्बाद शर्मा,डॉ राजकुमार देशलहरा एवम सेकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# कोरोना वायरस से बचाव के लिए दंदरौआ हनुमानजी का डॉक्टर रूप में हुआ श्रृंगार

### महंत ने कहा डॉक्टर हनुमानजी के दर्शन मात्र से रोगों से मिलती है मुक्ति

उमाकान्त शर्मा भिण्ड रिपोर्टर

**भिंड।** जिले के सुप्रसिद्ध दंदरौआ धाम स्थित हनुमान जी का कोविड काल में कोरोना वायरस से मुक्ति की कामना को लेकर विशेष चोला श्रृंगार किया गया। यहां हनुमानजी का चोला श्रृंगार डॉक्टर स्वरूप में किया गया। हनुमान जी के इस स्वरूप के दर्शन करने के लिए बढ़ी तादाद में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रामदास महाराज का कहना कि यह हनुमान जी के दर्शन मात्र से रोगों से मुक्ति मिलती है। इसलिए श्रद्धालु, डॉक्टर हनुमान के नाम से भी बुलाते है। कोरोना वायरस का संपूर्ण नाश के लिए बीते दिनों से दंदरौआ धाम स्थित हनुमान मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना होती आ रही है। इस क्रम में दंदरौआ धाम पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। यह श्रृंगार में श्रद्धालुओं ने हनुमानजी का डॉक्टर स्वरूप में दर्शन किए। यहां रोगों से मुक्ति के लिए हवन, पूजन व सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया।



**दूर-दूर तक मंदिर की है ख्याति, दर्शन करने से रोगों से मिलती मुक्ति**-भिंड जिलें मौ कस्बे के नजदीक दंदरौआ धाम वाले हनुमानजी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान प्रांत के कई जिलों में डॉक्टर वाले हनुमानजी के नाम से सुप्रसिद्ध है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु मंगलवार और शनिवार को रोगों से मुक्ति की कामना को लेकर आते है। श्रद्धालुओं के मुताबिक यहां पर हनुमानजी के पांच, सात, ग्याहर मंगलवार या शनिवार दर्शन करने मात्र से कई असाध्य रोगों से मुक्ति मिल रही है। यह स्थान सैंकडों साल पुराना है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दंदरौआ धाम स्थान पर करीब छह सौ साल पहले एक तालाब के किनारे पीपल के पेड़ की जड़ के पास हनुमानजी की प्रतिमा मिली थी।

**मंदिर से जुड़े कई चमत्कार बताते श्रद्धालु**-यह मंदिर से जुड़े चमत्कार के कहानी किस्से क्षेत्रीय लोगों की जुबानी सुनने को मिलते हैं। यहां के महंत महामंडलेश्वर रामदास महाराज का कहना है कि यहां सबसे पहले 2001 में कैंसर जैसे असाध्य रोग को लेकर मंदिर के ही एक साधक द्वारा अर्जी लगाई गई थी। वह साधक को हनुमान जी के चरणों के जल से कैंसर जैसे रोग से मुक्ति मिली थी। वह साधक आज भी हनुमान जी की सेवा में उपस्थित रहता है। यहां हर मंगलवार और शनिवार को दर्शनों के बाद रोगों से मुक्ति मिलने पर पूजा-अनुष्ठान व धार्मिक आयोजन, श्रद्धालुओं द्वारा कराए जाते हैं।



# कोविड-19 वैक्सीनेशन का किया आयोजन

पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो चीफ

**पाली। नेनाराम सीरवी।पाली।** रानी/निकटवर्ती ग्राम पंचायत चाचोडी उप स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कोविड-19 वैक्सीनेशन का किया आयोजन। सीमा मोहनोत ने बताया कि 45+आयु वर्ग के लोगों को कोराना वैक्सिंग की प्रथम और दूसरी खुराक दी जा रही है। कोरोना संक्रमण की बढ़ती हुई दूसरी रफ्तार को थामने के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह से सक्रियता दिखाते हुए लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।ग्राम पंचायत क्षेत्र में कोविड-19 वैक्सीनेशन के टीकाकरण के दौरान प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण शिविर के दौरान सुरेश कुमार लोगेशा मनोज कुमार अध्यापक गोवर्धन लाल एलडीसी। आंगनवाड़ी कार्मिक आशा सहयोगिनी दक्षा व सरला आदि मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सबलगढ़ विधायक बैजनाथ सिंह कुशवाह पर एफ आई आर की मांग की हनी ट्रैप सीडी का दिया हवाला इसी तरह गजेंद्र सिंह भदोरिया मंडल अध्यक्ष मेहगांव थाना प्रभारी से एफआईआर की मांग

संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर मेहगांव

मेहगांव गजेंद्र सिंह भदोरिया ने कहां मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सबलगढ़ विधायक वैजनाथ कुशवाह के बीच बातचीत के सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में प्रदेश के किसानों के प्रति बातचीत मैं यह दर्शाया गया की अच्छा मौका है किसानों में आग लगा दो इस मामले को लेकर उनके विरोध अपराधिक प्रकरण पंजीकृत किए जाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हनी ट्रैप की सीढ़ी छुपा कर अपराधिक कृत्य किया है उनके खिलाफ सपूतों को छुपाने का अपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए प्रश्न यह है कि यदि उनके पास सपूत हैं तो उन्होंने यह सपूत न्यायालय या एसआईटी को क्यों नहीं दिए और जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर के नेतृत्व में मेहगांव थाना प्रभारी से गजेंद्र सिंह भदोरिया ने एफ आई आर की मांग की कहा यह कोविड-19 से संबंधित गलत आंकड़े प्रस्तुत कर जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं आज पूरा देश और हमारी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के साथ खड़ा है प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने के लिए यह आवेदन दिया है इसी प्रकार जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने सिटी कोतवाली मैं अपने लेटर पैड पर आवेदन देकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर एफ आई आर की मांग की।

**भिंड जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने लगाऐ कांग्रेश पर कई आरोप**-मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सबलगढ़ विधायक बैजनाथ सिंह कुशवाह के संयुक्त बातचीत के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदेश के किसानों के प्रति बातचीत में यह दर्शाया गया है कि अच्छा मौका है आग लगा दो इस मामले को लेकर उनके विरुद्ध अपराध को पंजीकृत किए जाने के लिए



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हनी ट्रैप की सीडी छुपाकर अपराधिक कृत्य किया है उनके खिलाफ सपूतों को छुपाने के अपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए आज संपूर्ण देश और प्रदेश में पार्टी के कार्यकर्ता जन भाव से जनता की दुख की घड़ी में साथ खड़े हैं इस पर वोटों की राजनीति करना कॉन्ग्रेस की गंदी राजनीति है भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर निंदा करती है वही पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन में प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर एफ आई आर दर्ज करने के लिए भिंड शहर के सिटी कोतवाली में पहुंच कर थाना प्रभारी को आवेदन देकर शीघ्र द्व.द्व.ह्व. किए जाने के लिए आग्रह किया है उन्होंने दोबारा प्रदेश के किसानों में आग लगाने के बयान पर कहा कि कमलनाथ की परवर्ती हमेशा आग लगाने की रही है और अपने विधायकों को भी यही पाठ पढ़ा रहे हैं जनता इनके मंसूबे समझ चुकी है पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पास हनी ट्रैप के सपूत थे तो एसआईटी को उन्होंने क्यों नहीं सौंपी उन्होंने कहा कि उमंग सिंघर को बचाने के लिए कमलनाथ जो बयान बाजी कर रहे हैं वह आपत्तिजनक ही नहीं अपराध की श्रेणी में भी आता है लोकतांत्रिक पद पर रहते हुए उसका दुरुपयोग कर कांग्रेसका चरित्र रहा है और जिला अध्यक्ष ने कहा जब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे तब सरल मिश्रा हत्याकांड हुआ और दिल्ली में नैना सहानी का सिर काट कर तंदूर कांड में जो खा गया इसी तरह मध्य प्रदेश मंदसौर में प्रदेश की तत्कालीन शिवराज सरकार को किसानों के बीच झूठी बातों के साथ भ्रमित करने की साजिश कांग्रेस के द्वारा रखी गई है और उनके ही कार्यकर्ताओं ने मंदसौर में हिंसा आगजनी लगाने का काम किया और जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा प्रदेश में मुलताई में दिग्विजय सिंह के पूर्व नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने किसानों के ऊपर गोलियां चलाकर कई किसानों की हत्या कराई इससे प्रदेश के किसानों का उत्पीड़न किया गया 1984 की घटना हम सब से छिपी नहीं है कमलनाथ कांग्रेस के दिल्ली के प्रभारी थे उस समय के आंदोलन में भी उन्होंने हिंसा फैला ने का कार्य किया जिसके से हमारे सीख भाई मौत के घाट उतारे गए जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने लगाए कांग्रेश पर कई आरोप और उन्होंने कहा कांग्रेश गंदी राजनीति करती है कहा हमेशा आग लगाने की प्रवृत्ति रही है वीडियो में साफ दिखाएं और सुनाई दे रहा है कि वे अपने विधायकों को किस तरह आग लगाने का निर्देश दे रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेश हमेशा से समाज को तोड़ने एवं भड़काने और आग लगाने का काम करती है अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया के साथ में उनके साथ में रहे रोहित करैया भाजपा महामंत्री नमो संघ महामंत्री उपस्थित रहे।

## कोविड संक्रमण से बचाव हेतू श्योपुर जिलेवासियों को अहम् जानकारी प्रदान करती हुई बच्ची सुहानी पाठक

**श्योपुर** नोबल कोरोना वायरस कोविड - 19 के अंतर्गत शासन एवं



प्रशासन द्वारा संक्रमण से निजात दिलाने की दिशा में की जारी कार्यवाहीयों के अंतर्गत श्योपुर शहर की बच्ची कु. सुहानी पाठक आमनागरिकों को संदेश दे रही है मास्क जरूर पहने अपने हाथों को सेनेटाइज़ करें बार बार अपने हाथों को साबुन से धोयें, शोसल डिस्टेंसिंग और भीड़भाड़ से बचाव के उपायों को अपनाने की जानकारी आमजन को दे रही है! कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप श्योपुर जिले में कोविड की बीमारी से निजात दिलाने के लिए हर स्तर के कदम उठाये जा रहे है साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा लागू की! मुख्यमंत्री कोविड 19 अनुकम्पा नियुक्ति, विशेष अनुग्रह योजना,कोविड कल्याण योजना का क्रियान्वयन कराने की पहल विभागीय अधिकारीयों से शुरू कराने की पहल की गई है साथ ही नागरिकों को कोविड संकट से बचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है श्योपुर शहर की बच्ची कु. सुहानी पाठक कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आमजनता से अपील कर रही है कि कोरोना वायरस से आम लोग बचें! जिसमें सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार होने पर तत्काल चिकित्सकों से संपर्क करें साथ ही आवश्यक दवाइयां प्राप्त कर संक्रमण से निजात दिलाने के अन्य आवश्यक उपाय मास्क पहनना, शोसल डिस्टेंसिंग का पालन करना, साबुन से हाथ धोना, सेनेटाइज़ रहने के लिए जन - जन को संदेश देने में सहायक बन रही है कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आमजनता से सुहानी पाठक अपील करती हुई बता रही है शासन प्रशासन द्वारा संक्रमण रोकने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करें साथ ही मुख्यमंत्री जी द्वारा कोविड संक्रमण के मरीजों के लिए दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आये इसी प्रकार मुख्यमंत्री कोविड 19 नियुक्ति, विशेष अनुग्रह योजना, के अलावा मुख्यमंत्री कोविड बाल कल्याण योजना का लाभ लेने के लिए आम जनता को प्रेरित कर रही है!

## अज्ञात फरार आरोपी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

खण्डवा।थाना किल्लौद के मामले में फरार अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपये का पुरूस्कार पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने घोषित करने के आदेश जारी किए है। जो भी व्यक्ति इस आरोपी को गिरफ्तार कराने में मदद करेगा या इसे गिरफ्तार कराने के लिए जरूरी सूचना देगा उसे यह पुरूस्कार दिया जायेगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक खण्डवा का होगा। इस आरोपी से संबंधित सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 0733-2222690 तथा 7049101036 अथवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के मोबाइल नम्बर 7049139002 या थाना प्रभारी किल्लौद के मोबाइल नम्बर 9479994723 या हरसदू एसडीओपी के फोन नम्बर 07327-272440 पर दी जा सकती है।

# मरीजों को बेहत्तर चिकित्सा सुविधा के साथ 20 तकिए और चादर भेंट की




**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो चीफ पाली नेनाराम सीरवी/**

**पाली/**निकटवर्ती ग्राम खेरवा के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थानीय समाजसेवी भामाशाह पारसमल खाटेड हाल गांधी धाम तथा भीमराज खाटेड एवं सह परिवार द्वारा कोरोना संक्रमण की बढ़ती हुई दूसरी रफ्तार को देखकर मानव जीवन व्यापी उपकरण राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेट किए। जिसमें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर 2 आक्सीमीटर 2 टेम्परेच र गन 20 और राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के साथ 20 तकिए और चादर भेंट की गई। सरपंच संतोष कंवर राणावत समाजसेवी भरत सिंह राणावत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य चिकित्सक डॉ चौधरी की अनुशंसा पर स्थानीय भामाशाह ने कोराना संक्रमण की भयंकर आपातकालीन स्थिति को देखकर बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए चिकित्सा उपकरण दिए गए।स्थानीय समाजसेवी व भामाशाह द्वारा पूर्व में कई बार सहयोग की सेवाएं दी।भामाशाह ने बताया कि सेवा में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि संकट के समय खर्च किया गया दान पुण्य हैं। और यह हमारा सबसे अमूल्य समय में हमें सेवा करने का मौका मिला। वर्तमान समय और वर्तमान समय की सेवा को हम हमारे जीवन की अमूल्य सेवा और समय को मानेंगे। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सक डॉ सुरेश चौधरी ने बताया कि समाजसेवी व भामाशाह द्वारा भेंट किए गए उपकरण से पी एस सी सेंटर के संबंधित उप स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी और संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को काफी राहत मिलेगी जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए उपकरण मददगार साबित होंगे। सरपंच संतोष कंवर राणावत ने कोराना संक्रमण के चलते अमूल्य समय में किया गया योगदान के प्रति स्थानीय समाजसेवी खाटेड परिवार का आभार जताया। इस मौके पर खाटेड परिवार के भामाशाह समाजसेवी भरत सिंह राणावत मुख्य चिकित्सक डॉक्टर सुरेश चौधरी स्वास्थ्य कर्मी ए एन एम रेखा रानी मौजूद रहे।

## घरों में रहकर ही मनायें बुद्ध पूर्णिमा : ईश्वर बंसोड महासचिव करुणागिरी कलपाथरी

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

सत्य अहिंसा करुणा मानवता के पथ प्रदर्शक तथागत बुद्ध की जयंती प्रति वर्ष बुद्ध पूर्णिमा को पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। किंतु इस वर्ष कोविड-19 की वैश्विक महामारी को देखते हुए बालाघाट जिले की करुणागिरी कलपाथरी के महासचिव श्री ईश्वर बंसोड ने देश के समस्त बौद्ध अनुयायियों से अपील की है कि इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा दिनांक 26 मई 2021 को आ रही है। अतः आप सभी अपने अपने घरों में सुरक्षित रहते हुए हर्षोल्लास के साथ बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार मनाएं। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर घरों को सजावट करे ,मोमबत्तियां प्रज्वलित करे तथा त्रिशरण पंचशील आर्य अष्टागिक मार्ग 22 प्रतिज्ञाओं का संकल्प लेते हुए त्रिगुणी पावन पर्व को परिवार के साथ मनाए।



# विकलांगजनों की अनदेखी सहन नही करेंगे

## विकलांग बल मध्यप्रदेश के सभी जिला इकाईयों द्वारा आज 25 मई को काला दिवस के रुप में मनाया गया. प्रदेश के सभी विकलांगों द्वारा ट्वीट के माध्यम से भारत के और प्रदेश के सभी मंत्रियों को अपनी बात पहुंचाई

**पुष्पांजली टुडे**

**श्योपुर।** विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला इकाई श्योपुर सहित मध्यप्रदेश के 15 लाख से अधिक विकलांग व्यक्तियों के लिए लॉकडाउन और कोरोना काल में सहायता करने के संबंध में आज श्योपुर जिले सहित प्रदेश के 52 जिलों में प्रदेश के विकलांगों द्वारा काला दिवस मनाया गया। प्रदेश के सभी विकलांगों द्वारा ट्वीट के माध्यम से आज भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को यह अवगत कराया गया कि मध्यप्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार 15 लाख से अधिक विकलांग जन निवास करते हैं। एक तो वैसे ही इनकी स्थिति दयनीय थी और कोरोना और लॉकडाउन के कारण इनकी स्थिति और भी ज्यादा दयनीय हो गई है। इस हेतु समस्त विकलांग साथियों की आप से निम्नलिखित मांग है। आशा है कि आप इन्हें पूरी अवश्य करेंगे। 1- मध्यप्रदेश के विकलांग जनों की पेंशन 3 वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई है जबकि महंगाई बहुत ज्यादा बढ़ गई है । अतः पेंशन में वृद्धि की जाएं और राशन कीदुकानों से विकलांग प्रमाण पत्र के आधार पर ही उन्हें राशन दिलवाया जाएं ताकि यह अपने भोजन, पानी, दवाइयां, किराया आदि की व्यवस्था कर सकें।

2- वर्ष 2020 के लॉकडाउन के बाद से कई विकलांग व्यक्तियों को प्राइवेट जॉब से बाहर कर दिया गया जिन विकलांग जनों की दुकानें थी वह 1 साल बाद भी नहीं चल पाई। प्रधानमंत्री जी के द्वारा आत्म निर्भर भारत के लिए 20 लाख करोड़ के लोन (ऋण) की घोषणा की गई थी । उसमें से एक पैसा किसी विकलांग जन को नहीं मिल पाया है। अतः निवेदन है कि लाखों विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु उनके रोजगार हेतु बिना ब्याज का लोन (ऋण) देने की कृपा करें। ताकि वह भी प्रदेश और देश के विकास में आत्मनिर्भर होकर महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।



3- कोरोना काल एवं लॉकडाउन में हमने कई आमानवीय दृश्य देखे हैं उनमें से एक यह भी है कि कई विकलांग व्यक्तियों ने अपने संगठन के माध्यम से कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को एवं विधायक, सांसद व समस्त जनप्रतिनिधियों को विकलांगों की समस्या के लिए मांग पत्र आवेदन ज्ञापन दिया और कई बार दिए हैं लेकिन इनमें से किसी ने भी विकलांगों की समस्या को हल करना तो दूर आश्वासन तक नहीं दिए। अतः विकलांग व्यक्तियों को भी विकलांग विभागों के अधिकारी बनाइए और 15 लाख की आबादी के हिसाब से विकलांग व्यक्तियों को भी चुनाव में आरक्षण देकर उनका जनप्रतिनिधि बनाने की कृपा करें ताकि इनकी अनदेखी कोई ना कर सकें।

4- कोरोना की बीमारी से बचाने के लिए विकलांग व्यक्ति को घर पर ही प्राथमिकता के साथ सबसे पहले टीका लगवाया जाएं ताकि उन्हें आने-जाने के परेशानी एवं बीमारी के संक्रमण से भी बचाया जा सकें। उपरोक्त समस्त वाजिब मांगों के लिए हमें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि इन वाजिब मांगों को आप अवश्य पूरा करेंगे और ऐसा नहीं होने पर प्रदेश के समस्त विकलांग संगठन मुख्यमंत्री आवास एवं निश्शक्तजन कार्यालय के आगे की सड़क जाम करके धरना व आंदोलन कर अपनी मांगे मनवाएंगे। उस अवस्था को नहीं बनने दें। ऐसी स्थिति में प्रशासन ही इसका जिम्मेदार होगा!

008

संकट प्रबंध समिति के सदस्यों ने घर-घर दी दस्तक

लोगों को टीकाकरण करवाने के लिए किया प्रेरित

**श्योपुर।** कोविड-19 महामारी से लोगों को सुरक्षित करने के लिए जहां जिला प्रशासन युद्धस्तर पर दिन-रात अपना कार्य कर रहा है। वहीं वार्डों में आंगनबाडी कार्यकर्ताएं एवं आशा कार्यकर्ताएं भी पूर्ण रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निवर्हन करने में लगी हुई है। उधर कोरोना महामारी को पूर्ण रूप से खत्म करने जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई संकट प्रबंध समिति भी घर-घर दस्तक देकर लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण लगवाने के लिए जागरूक करने में लगी है। आज मंगलवार को वार्ड 23 की संकट प्रबंध समिति ने वार्ड के ब्राहमण पाडा, भैंस पाडा, नवलक्खा रोड, कण्डेल बाजार के 146 घरों में दस्तक दी। समिति के वार्ड प्रभारी लोकेन्द्र सिंह भदौरिया एवं शिवराज सिंह चौहान ने आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं समिति के सदस्यों के साथ घर-घर दस्तक देकर लोगों को वैक्सिनेशन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिन लोगों ने मास्क नहीं लगा रखा था उनको टीम के सदस्यों ने रोककर मास्क लगाने के लिए समझाईश दी। टीम ने घर-घर दस्तक देकर लोगों को समझाया कि आप लोग सबसे पहले टीकाकरण करवाएं। टीकाकरण से आपकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढेगी जिससे आपको कोरोना जैसी भयानक बीमारी से सुरक्षा मिलेगी। घर-घर पहुंचीं टीम को ऐसे कई परिवार भी मिले जो डर के कारण टीका नहीं लगवाना चाह रहे थे, लेकिन संकट प्रबंध समिति द्वारा जब उन्हें समझाईश दी गई तो वे टीका लगाने के लिए तैयार हो गए। वार्ड भ्रमण के दौरान टीम ने लोगों को समझाया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी को मास्क लगाने के साथ-साथ दो गज की दूरी भी बनाए रखनी होगी। इस दौरान वार्ड प्रभारी लोकेन्द्र सिंह भदौरिया, शिवराज सिंह चौहान, आबे कौशर, ममता शर्मा, ज्योति शर्मा, प्रियंका गुप्ता, नरगिश बानो, रोशन आरा, शकील पेंटर, मो. चीनी कुरैशी, अफसार अहमद, उमाशंकर शर्मा संतोष, निजाम खान, शानू खान, मिथुन उपस्थित थे। घर घर पहुँचकर लोगों को किया जागरूक!

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं के साथ वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं माननीय हाई-पावर कमेटी व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के सचिव श्रीमती साधना कुमारी गुप्ता द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश मृदुलेश कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के पैनल अधिवक्ताओं के साथ वर्चुअल बैठक की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा की सचिव श्रीमती साधना कुमारी गुप्ता द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को माननीय हाई-पावर कमेटी के निर्देशों के अनुक्रम में यह निर्देशित किया गया कि वे एक दिन छोडकर जिला कारागार एटा में बन्दियों को विधिक सहायता, प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने में सहयोग प्रदान किए जाने हेतु जिला कारागार एटा में जायेगें। सचिव द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को यह भी निर्देश दिये गये कि कोविड-19 एवं ब्लैक फंगस के संबंध में अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि वे कैसे कोविड-9 एवं ब्लैक फंगस से अपना बचाव करें। तथा पैनल अधिवक्ता यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित कर ले कि वे अपने आप पास के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो उन्हें आवश्यक रूप से विधिक सहायता एवं सहयोग प्रदान करें। सचिव साधना कुमारी गुप्ता द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को कोविड-19 एवं ब्लैक फंगस से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी देते हुये उन्हें सचेत किया गया कि कोरोना वायरस एवं ब्लैक फंगस से बचने के लिए वे अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष घ्यान दें तथा छींकते व खॉसते समय अपने मुँह पर कपडा अथवा रूमाल आदि अवश्य बांधें तथा अपने चेहरे पर मास्क लगाये रखें। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि अपने हाथों को किसी भी साबुन से प्रत्येक 20 मिनट बाद धोते रहे अथवा सैनीटाइजर का प्रयोग करें तथा स्वंय को अस्वस्थ महसूस होने पर तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें।

## तहसील स्तर पर ऑक्सीजन की व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नामित

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा । उपजिलाधिकारी अलीगंज एस0पी0वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में कोविड-19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा आम जन की सुगमता के लिए तहसील स्तर पर ऑक्सीजन की व्यवस्था कर दी गयी है, कोविड मरीजों के लिए कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट एवं डॉक्टर का मेडिकल पर्चा नोडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। नोडल अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ऑक्सीजन विशेष प्राथमिकता पर उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त कार्य को सुचारू रूप ससमय सम्पन्न कराये जाने हेतु तहसील अलीगंज के (नजारत अनुभाग) कार्यालय में निम्न लिखित कर्मचारीगण की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगायी गयी है।



## रक्तदान महादान गोभक्त संगठन ट्रस्ट मैसूरू कोरोना महामारी में दे रहा निरंतर सेवा

मैसूरू- पिछले वर्ष कोरोना महामारी के लॉकडाउन में सक्रिय सेवारत रहा रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट के सदस्य इस वर्ष भी महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में जन सेवा कार्य करने में फ्रंट लाइन वर्कर्स की तरह निरंतर लगे हुए है। रक्त/ प्लाजमा की व्यवस्था, कोरोना मरीजों हेतु बेड की व्यवस्था या घरों में क्वारंटाइन मरीजों हेतु खाने की व्यवस्था सभी कार्य में तन-मन-धन से अपना कर्तव्य निभा रहे है। संगठन के सदस्य देवेन्द्र परिहारिया लगातार 25 दिनों से मैसूरू जिलाधिकारी कार्यालय के कोविड वॉर रूम में सेवा प्रदान कर रहे है। कॉविड अस्पतालों में अपनी जान की परवाह किए बगैर खुद वहां जाकर कई मरीजों को एडमिट कराया। इस लॉकडाउन में विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर तीन रक्तदान शिविर का आयोजन कर 300 से अधिक ब्लड यूनिट एकत्रित कर जरूरतमंद मरीजों को आपूर्ति के लिए ब्लड बैंक को सुपुर्द किया। संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया व सक्रिय सदस्य आनन्द मांडोत, दलपत आगलेचा, चिरंजीलाल कुमावत, महेंद्र चोयल मिलकर मरीजों व जरूरतमंदो को हरसंभव मदद के लिए प्रयासरत रहते है। संगठन द्वारा आज मैसूरू मेटगली स्थित पंचकर्मा ट्रॉमा केयर सेंटर में संगठन प्रवक्ता दलपत आगलेचा के सहयोग से नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश की मौजूदगी में डॉक्टर व नर्सिंगकर्मियों, एम्बुलेंस चालकों व सुरक्षाकर्मी व सेवा दे रहे पुलिसकर्मियों के लिए 2000 पानी की बोतल व मास्क व सेनिटाइजर प्रदान किया गया।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**वृजपाल सिह गुर्जर संवाददाता**

**मेहगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव में पदस्थ समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश के अंतर्गत 19000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत हैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन द्वारा 5 जून 2018 को नीति लागू की गई जिसमें संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी के वेतनमान का न्यूनतम 90त्न वेतनमान दिया जाना था। किन्तु 3 वर्ष उपरांत भी आज दिनांक तक संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को उक्त नीति का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इसी प्रकार निष्काषित कर्मचारियों की बहाली व सपोर्ट स्टाफ की एनएचएम में वापसी की लंबित मांगों को भी दरकिनार किया गया है। समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार पिछले वर्ष से कोरोना महामारी में आधे से भी कम वेतन पर अपनी जान हथेली पर रखकर विपरीत परिस्थितियों में 24 घंटे लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को उक्त नीति का लाभ ना दिए एवं निष्काशीतों की बहाली व सपोर्ट स्टाफ की एनएचएम में वापसी की लंबित मांगे नहीं माने जाने के कारण रोष उत्पन्न हो रहा है एवं 24 मई 2021 से मध्य प्रदेश के समस्त 19000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारीयों के साथ साथ विकासखंड मेहगांव के पदस्थ 35 संविदा स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से ये कार्य होंगे



**ये कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर-** डॉ शिवेंद्र सिंह कुशवाह, डॉ गिरजेश बरैया, डॉ प्रियंका शर्मा, अजय सिंह भदौरिया गौरव बाथम, राजू चौधरी, श्याम शर्मा, गोपाल चौधरी, प्रदीप श्रीवास्तव, आशीष सिंह, देवेंद्र सिंह, पवन शर्मा, शैलेन्द्र नरवरिया, प्रवीण थापक, नरेंद्र खन्ना, अर्चना उपाध्याय, केतकी तोमर, गीता विश्वास, कमलेश नरवरिया, ममता शर्मा, मीना नरवरिया, राजकुमारी कुशवाह, सीमा नरवरिया, सुनीता इन्दोरिया, मंजू भदौरिया, होमश्री नरवरिया।

## कलेक्टर ने दिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बाढ आपदा प्रबंधन की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में ली। बैठक में वर्षा के कारण नदी, नालों में उफान को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर केवी विवेक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जेके जैन, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड/अटेर उदयसिंह सिकरवार, एसडीएम लहार आरए प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर महेश बडोले, कमाण्डेंट होमगार्ड सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु आने वाली है जिस कारण कई नदी एवं नाले उफान पर आने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त होने की स्थिति बन सकती है। इसलिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नदी में बाढ आने के कारण कई गांवों में पानी भर जाने एवं रास्ता अवरूद्ध होने की स्थिति निर्मित हो जाती है इसलिए पहले से ही गांव के लोगों को रूकने के लिए व्यवस्था, खाने पीने की व्यवस्था, दवाईयों का भण्डारण, जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित सहित सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम स्थापित कर उसका नम्बर प्रकाशित कराया जाए और यह कंट्रोलरूम चौबीस घण्टे चालू रहना चाहिए। जिसमें कर्मचारियों की पालियों के हिसाब से ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बोट्स, जेसीबी मशीन इत्यादि का पहले से ही इंतजाम होना चाहिए। उन्होंने कमाण्डेंट होमगार्ड से कहा कि आप अपना तैराकी बल तैयार रखने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



## संतोष चौहान ने बनाया प्रशासन पर दबाव तो हुआ मृत गायों के शवों का हुआ पीएम



### नेताओं ने की पूर्व की तरह इस घटना की भी अनदेखी

दबोह(अर्पित गुप्ता)। लहार अनुभाग के दबोह थाना अंतर्गत विभाग की लापरवाही के चलते ग्राम सलैया के रोड किनारे खेत में करंट की चपेट में आकर दो गायों की मौत हो गई थी जानकारी मिलते ही गौरक्षा संगठन प्रमुख संतोष चौहान घटनास्थल पहुंचे थे और उन्होंने सारी घटना से प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया था दोषी बिजली विभाग पर कार्रवाई एवं 2 दिन से मृत डली गायों के पी.एम के लिए,प्रशासन पर दबाव बनाया मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई गई संतोष चौहान द्वारा पशुपालन विभाग के जिला अधिकारी नवल सिंह सिकरवार से गायों के पीएम करवाने के लिए फोन पर चर्चा की गई प्रशासन हरकत में आया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर डॉक्टरों की टीम द्वारा मृत गायों का पीएम करवाया गया कार्यवाही आगे बढ़ाई गई आश्चर्य की बात यह है कि 2 दिन से मृत गाय रोड किनारे डली रही गायों के मालिक नरेंद्र मिश्रा न्यायोचित कार्रवाई के लिए नेताओं से मदद की गुहार लगाते रहे लेकिन किसी नेता ने गायों के हित के लिए प्रयास करना उचित नहीं समझा नहीं कोई नेता घटनास्थल पहुंचा यहां बता दें कि लहार विधानसभा में आए दिन प्रशासन की लापरवाही एवं असामाजिक तत्वों द्वारा गायों की मौत की घटनाएं घटित होती रहती हैं भूख प्यास बीमारी दुर्घटना का शिकार हो कर भी गायों की मौत होती रहती है लेकिन कभी किसी घटना पर किसी नेता की कोई प्रक्रिया नहीं रही गौ माता को न्याय दिलाने के लिए आवाज नहीं उठाई गई।।

## जन अभियान परिषद द्वारा कोरोना की तीसरी लहर से बच्चों के बचाव के लिए की जा रही है विशेष तैयारियां

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**इंदौर ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संभावित कोरोना की तीसरी लहर से बचाव हेतु जरूरी तैयारियां अभी से शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेषज्ञ द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस लहर से बच्चों के प्रभावित होने कि आशंका रहेगी। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में प्रशासन का पूर्ण रुप से सहयोग करते हुए इंदौर के किसी भी बच्चे को कोरोना की तीसरी लहर ओर कुपोषण से प्रभावित नही होने देने का संकल्प लेते हुए जन अभियान परिषद द्वारा मैं कोरोना वॉलिंटियर अभियान के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्था कृष्णसखी ओर सहयोगी संस्थाओ के माध्यम से ÷मैं कोरोना वॉलिंटियर तथा कुपोषण मुक्त अभियान के तहत परिषद के सदस्यों द्वारा अब तक इंदौर में 2245 बच्चों के पंजीयन किए जा चुके हैं। इस अभियान को तीन श्रेणियों में बांटा गया है जिसमें प्रथम श्रेणी मे 6 महीने से लेकर 1.5 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को घर पर बना सेरोलेक दिया जाएगा। जिसका वे एक महीने तक उपयोग कर पाएंगे। दूसरे चरण में 1.5 वर्ष से 4 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा पोष्टिक दलिया दी जाएगी जिसका उपयोग 14 दिनों तक किया जा सकेगा। तीसरे चरण में 4 वर्ष से बड़े बालक -बालिकाओं को प्रोटीन युक्त दलिया दी जाएगी जिसका वे 14 दिनों तक प्रतिदिन उपयोग कर सकेंगे। मंगलवार से सदस्यों द्वारा पंजीकृत किए गए बच्चो तक आहार पैकेट पहुचाने के कार्यो को कोरोना प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन करते हुए शुरू किया जाएगा। परिषद द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के तहत जिले के 10 हजार बच्चो तक यह आहार पहुचाना सुनिश्चित किया जाएगा साथ ही इन सभी बच्चो की डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।



## नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना में फरार आरोपी युवक 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना नयागांव पुलिस द्वारा थाना नयागांव एटा पर पंजीकृत मुअसं- 78/2021 धारा 376, 452, 506 भादवि व ङ पोक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त अरविंद को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। सोमबार को पीड़ित द्वारा थाना पर लिखित सूचना दी कि उसकी पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष के साथ गांव के ही अरविंद पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम इकौरी थाना नयागांव ने घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी है। इस सूचना पर थाना नयागांव पर मुअसं- 78/2021 धारा 376, 452, 506 भादवि व ङ पोक्सो एक्ट बनाम अरविंद पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना में नामजद अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष नयागांव दिनेश कुमार सिंह को निर्देशित किया गया। रविबार को थाना नयागांव पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त अरविंद पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम इकौरी थाना नयागांव को मुखबिर की सूचना पर करनपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## कमलनाथ जी के खिलाफ एफआईआर वापस नहीं हुई तो होगा आंदोलन पंकज उपाध्याय



**गौरव की रिपोर्ट**

**मुरैना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पंकज उपाध्याय ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के खिलाफ हुई द्ध.द्ब.ह्र. को मध्य प्रदेश सरकार शिवराज सिंह चौहान वापस नहीं लेते हैं तो मुरैना जिले का कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन करने में मजबूर हो जाएगा कांग्रेस कार्यकर्ता ईट का जवाब पत्थर से देना जानते हैं अगर इस तरीके से अत्याचार होगा तो कतई सहन नही किया जाएगा एक तरफ जहां पूरे प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी से दवाइयों की कमी से इंजेक्शन की कमी से आम जनता तड़प तड़प के मर रही थी अस्पतालों में जगह नहीं थी भाजपा एवं मध्य प्रदेश सरकार ने मानवता को कलंकित कर दिया था वहीं दूसरी ओर हमारे नेता माननीय कमलनाथ जी सेवा भाव से कही ऑक्सीजन कहीं दवाइयां कहीं इंजेक्शन व्यवस्था कर रहे थे प्रदेश में जहां मृतकों का आंकड़ा एक लाख पहुंच गया है बीजेपी सरकार मात्र कुछ हजार संख्या बता रही है क्या यह मानवता के साथ धोखा नहीं है अगर कमलनाथ जी मृतकों की संख्या सही बताने की मांग करते हैं और अपने स्तर पर मृतकों का आंकड़ा बताते हैं तो यह मानवता है इसमें कहीं भी देशद्रोह नहीं है देशद्रोह का मुकदमा शिवराज सिंह चौहान और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चलना चाहिए उपाध्याय ने कहा कि अगर द्ध.द्ब.ह्र. वापस नहीं हुई तो कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेंगे।



# कोरोना से लड़ते भी रहेंगे और काम-धंधा भी करते रहेंगे

## मास्क लगाएं, दूरी रखें, वैक्सीन लगवाएँ, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 11 लाख 28 हजार निर्माण श्रमिकों को 112 करोड़ 81 लाख रूपये की, आपदा सहायता राशि अंतरित की

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आगामी एक जून से प्रदेश में धीरे-धीरे कोरोना कर्फ्यू समाप्त किया जाएगा। ऐसे में आपको पूरी सावधानी रखनी हैं। मास्क लगाना है, एक दूसरे से दूरी रखनी है, कहीं भीड़ नहीं करनी है, बार-बार हाथ धोने हैं। सबको वैक्सीन लगवाना है। इन सब सावधानियों का पालन करते हुए हम कोरोना से लड़ते भी रहेंगे और काम-धंधा भी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के निर्माण श्रमिकों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसके पूर्व प्रदेश के 11 लाख 28 हजार निर्माण श्रमिकों के खाते में कोविड-19 सहायता योजना के अंतर्गत 112 करोड़ 81 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर श्रम एवं खनिज संसाधन मंत्री श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**पाँच माह का निश्शुल्क राशन**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शासन द्वारा सभी गरीबों, जिनमें निर्माण श्रमिक भी शामिल हैं, को पाँच माह का प्रति सदस्य पाँच-पाँच किलो प्रतिमाह निश्शुल्क राशन दिया जा रहा है, जिसमें तीन माह का राशन राज्य सरकार और दो माह का राशन केन्द्र सरकार दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह राशन प्रत्येक गरीब को मिल जाए, यह सुनिश्चित करें।



**आपका भाई आपके साथ खड़ा है**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार कोविड उपचार योजना में कोरोना का निश्शुल्क इलाज कर रही है। आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति एवं उसके परिवार को वर्ष में पाँच लाख रूपये तक सम्बद्ध निज़ी अस्पतालों में निश्शुल्क इलाज की सुविधा दी गई है। इसके अलावा सभी शासकीय अस्पतालों एवं अनुबंधित अस्पतालों में भी कोरोना का निश्शुल्क इलाज हो रहा है। प्रदेश में कोरोना से माँ-बाप की मृत्यु पर बच्चों को पाँच हजार रूपये मासिक पेंशन देने की योजना भी चालू की गयी है। सरकार संकट के समय पूरी तरह आपके साथ है। आपका भाई आपके साथ खड़ा है।

**गुस्सा तो नहीं हो अपने भाई से**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टीकमगढ़ जिले के निर्माण श्रमिक श्री परीक्षित अहिरवार, इंदौर की श्रीमती शशि वर्मा, मंडला की श्रीमती गिरिजा वनवासी, भिंड के श्री प्रसाद राठौर तथा सीहोर की श्रीमती लता मालवीय से बातचीत भी की। उन्होंने पूछा कि कोरोना के दौरान पाबंदियाँ लगाने पर वे अपने भाई से गुस्सा तो नहीं हैं। यदि कोरोना कर्फ्यू नहीं लगाया जाता तो प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित नहीं होता। यह जरूरी था। अब कोरोना नियंत्रित हो गया है, अत- हम धीरे-धीरे पाबंदियाँ खत्म करेंगे। स्थानीय क्राइसिस मैनेजमेंट समूह निर्णय करेंगे कि क्या खुले और कब-कब खुले। सभी ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू तो ज़रूरी था। यह नहीं होता तो कोरोना नहीं जाता।

**आप अपनी सुरक्षा स्वयं करें**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना से आपको अपने गाँव-शहर की खुद सुरक्षा करनी पड़ेगी। सारी सावधानियों का पालन करें। साथ ही वैक्सीन जरूर लगवाएँ। यह कोरोना से बचने का सुरक्षा चक्र है।

## आपका संबल- आपकी सरकार योजना से जिले के 35 हजार 778 निर्माण श्रमिक लाभान्वित

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में पहुँचाई, 3 करोड़ 57 लाख रूपए से अधिक राशि**

**ग्वालियर।** आपका संबल- आपकी सरकार योजना से ग्वालियर जिले के 35 हजार 778 निर्माण श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत इन निर्माण श्रमिकों के खातों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को 3 करोड़ 57 लाख 78 हजार आपदा सहायता राशि पहुँचाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंगलवार को भोपाल से वर्चुअली ग्वालियर जिले के निर्माण श्रमिकों सहित प्रदेश के कुल 11 लाख 28 हजार 130 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खातों में 112 करोड़ रूपए से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिकों को कोरोना संक्रमण के दौरान आपदा सहायता राशि के रूप में प्रति श्रमिक एक हजार रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। यहाँ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें ग्वालियर जिले के निर्माण श्रमिक भी शामिल हुए और मुख्यमंत्री श्री चौहान का उदबोधन सुना। इसी तरह जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर भी कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखकर हितग्राहियों को कार्यक्रम से जोड़ा गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। सहायक श्रम आयुक्त ग्वालियर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्वालियर जिले के लाभान्वित 35 हजार 778 निर्माण श्रमिकों में 12 हजार 183 श्रमिक ग्रामीण क्षेत्र के हैं।

# मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना को मंत्रि-परिषद का अनुमोदन

**एक करोड़ वैक्सीन क्रय करने के लिये उच्च-स्तरीय समिति का गठन**

**महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल कार्यक्रम की मंजूरी**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक**

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में कोविड-19 महामारी के दौरान, राज्य शासन के नियोजन में कार्यरत नियमित, स्थाईकर्मी, कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले, दैनिक वेतनभोगी, तदर्थ, संविदा, कलेक्टर दर, आऊटसोर्स, मानदेय के रूप में कार्यरत शासकीय सेवक, सेवायुक्त जिनकी शासकीय सेवा में कार्यरत रहने के दौरान मृत्यु हो जाती है, उनके पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना% लागू करने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद ने 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाने के लिय ग्लोबल टेंडर के माध्यम से एक करोड़ वैक्सीन डोज क्रय करने के लिए मध्यप्रदेश हेल्थ कार्पोरेशन को अधिकृत किया। वैक्सीन क्रय की निविदा प्रक्रिया का तकनीकी परीक्षण करने एवं वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृत करने के लिए उच्च-स्तरीय समिति के गठन का निर्यण लिया गया। तकनीकी परीक्षण के बाद निविदाकारों के वित्तीय प्रस्तावों का परीक्षण कर वैक्सीन क्रय के लिये दर निर्धारण की कार्यवाही का प्रस्ताव मंत्रि-परिषद के समक्ष स्वीकृति के लिये प्रस्तुत किया जायेगा।

**कोरोना महामारी के दौरान जारी निर्देशों/ राशि का अनुमोदन**–मंत्रि-परिषद ने कोरोना महामारी से निपटने के लिये तात्कालिक एवं आकस्मिक व्यय जिनका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता था एवं राज्य के बाहर के प्रवासी श्रमिकों के परिवहन आदि की आवश्यकताओं के लिये जारी निर्देशों/राशि का अनुमोदन दिया। मंत्रि-परिषद ने कोविड-19 महामारी के रोकथाम में अप्रत्याशित व्ययों के लिये, जो एस.डी.आर.एफ. के मापदण्डों में अनुमत्य नहीं थे जैसे मजदूरों की यातायात व्यवस्था के लिए, राहत शिविरों के संचालन के लिये (एस.डी.आर.एफ. में अनुमत्य व्ययों को छोड़कर), 52 जिलों को व्यय अनुमति के लिये जारी निर्देशों का कार्योत्तर अनुमोदन किया।मंत्रि-परिषद ने वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान अन्य राज्यों में फँसे श्रमिकों को मध्यप्रदेश में ट्रेनों के माध्यम से लाने के लिये की गई कार्यवाही का कार्योत्तर अनुमोदन दिया। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान मध्यप्रदेश राज्य के ऐसे मजदूर, जो अन्य राज्यों में फँसे हुए थे, की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए उनके बैंक अकाउंट/ ई-वॉलेट के माध्यम से 1000 रूपये हस्तांतरित करने का प्रावधान करते हुए लागू की गई मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना का मंत्रि-परिषद ने कार्योत्तर अनुमोदन किया। मंत्रि-परिषद ने कोरोना रोकथाम के लिये लॉकडाउन के दौरान प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन के लिये नायब तहसीलदारों को एक अप्रैल से 31 मई 2020 तक दो माह के लिए किराये के वाहन के लिये जारी निर्देशों का कार्योत्तर अनुमोदन दिया। मंत्रि-परिषद ने कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के दौरान ड्यूटी करने वाले डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के ठहरने के लिये क्वारंटीन सेंटर के रूप में संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा होटलों का अधिग्रहण के लिये की गई कार्यवाही का अनुमोदन दिया।

**महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल कार्यक्रम**–मंत्रि-परिषद ने वित्तीय वर्ष 2020-2021 से 2022-2023 की अवधि में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल कार्यक्रम को संचालन करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस कार्यक्रम के संचालन के लिये वर्ष 2020-21 के लिये 10 करोड़ 40 लाख 78 हजार 100 रूपये, वर्ष 2021-22 के लिये 10 करोड़ 5 लाख 51 हजार 360 रूपये तथा वर्ष 2022-23 के लिये 7 करोड़ 52 लाख 37 हजार 246 रूपये कुल 27 करोड़ 98 लाख 66 हजार 706 रूपये की राशि व्यय करने की स्वीकृति भी दी।

**विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती**–मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत विभागीय भर्ती नियमों में प्रथम श्रेणी विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों पर 100 प्रतिशत पदोन्नति संबंधी प्रावधान में संशोधन करते हुए 25 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से एवं शेष 75 प्रतिशत पूर्ववत पदोन्नति से भरे जाने की स्वीकृति प्रदान की।

# कोविड गाइडलाइन का पालन करने से ही संक्रमण को रोका जा सकता है

## कलेक्टर ने हस्तिनापुर और बेहट का भ्रमण किया, निजी चिकित्सकों, सरपंचों और ग्रामीण क्राइसेस मेनेजमेंट समिति के सदस्यों से की चर्चा

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे किल कोरोना-3 अभियान की जानकारी लेने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मुरार जनपद क्षेत्र के हस्तिनापुर और बेहट पहुँचे। उन्होने बेहट में निजी चिकित्सकों, सरपंचों, विभागीय अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों के साथ विस्तार से चर्चा की। उनके साथ एसडीएम श्री एच बी शर्मा, बीएमओ डॉ. नागर भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने किल कोरोना-3 अभियान के तहत सर्वेक्षण की जानकारी ली और दल को निर्देशित किया है कि वे सर्वेक्षण के दौरान जो लोग भी कोविड के लक्षण के पाए जाते हैं उन्हें तत्काल दवा उपलब्ध कराई जाए। ऐसे लोगों को होम क्वारंटाइन अथवा संस्थागत क्वारंटाइन भी कराया जाए। इसके साथ ही जिन गाँवों में कोविड से संबंधित मरीज मिलते हैं उन गाँवों में बेरीकेटिंग कराकर ग्रामीणों का आना-जाना प्रतिबंधित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के दौरान लोगों को टीकाकरण की जानकारी भी दी जाए। इसके साथ ही यह भी बताया जाए कि कोविड



संक्रमण की रोकथाम के लिये सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण ही है। शतप्रतिशत लोग टीकाकरण कराएं। इसके लिये ग्रामीणों को प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने जिले में 31 मई तक लगाए गए जनता कर्फ्यू का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निजी चिकित्सकों से भी आग्रह किया कि खाँसी-जुकाम और बुखार के कोई मरीज चिन्हित होते हैं तो उनका कोविड टेस्ट अवश्य कराएं। टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने पर आवश्यक उपचार करने के साथ-साथ उन्हें होम क्वारंटाइन अथवा संस्थागत क्वारंटाइन के लिये भी प्रबंध किए जाएं। कोविड से बचने के लिये शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन सभी लोग करें तभी इस संक्रमण से बचा जा सकेगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि ग्रामीण क्षेत्र में गठित की गई क्राइसेस मैनेजमेंट समिति की बैठकें भी नियमित आयोजित की जाएं। बैठकों में मिलने वाले सुझावों को अमल में लाकर संक्रमण को शून्य किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सरपंचों से यह भी अपील की है कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को 31 मई तक कोरोना मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कराने के लिये विशेष प्रयास करें। हमारी ग्राम पंचायतें कोरोना मुक्त होंगी तभी हमारा पूरा जिला कोरोना मुक्त हो सकेगा।

### कोरोना कर्फ्यू में अनलॉक की प्रक्रिया के लिये नागरिक दे सकते हैं सुझाव

ग्वालियर। कोरोना कर्फ्यू में अनलॉक की प्रक्रिया के लिये नागरिक अपने सुझाव के जरिये दे सकते हैं। कोरोना कर्फ्यू में ढील एवं प्रदेश को अनलॉक करने की दृष्टि से 31 मई तक व्हाट्सअप नम्बर 9098151870 और ई-मेल आई.डी. पर भी सुझाव साझा किये जा सकते हैं। कोरोना कर्फ्यू को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने एवं अनलॉक करने के संबंध में इन विषयों पर सुझाव माँगे गये हैं। कोरोना कर्फ्यू में अनलॉक कैसे चरणबद्ध तरीके से किया जाना चाहिये। कोरोना कर्फ्यू में अनलॉक करने की प्रक्रिया अंतर्गत किस तरह की गतिविधियों के संचालन में प्राथमिकता देते हुए छूट दी जानी चाहिये। इसी के साथ अन्य सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

# उद्यानिकी विभाग की पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना को तीन साल के लिए आगे बढ़ाने की मंजूरी

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ (सूक्ष्म सिंचाई पद्धति) को अगले तीन साल के लिए विस्तार दिए जाने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य मंत्रि परिषद की मंगलवार को हुई बैठक में इस योजना के विस्तार का अनुमोदन किया गया। प्रदेश में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के घटक ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ का संचालन हो रहा है। योजना के तहत तीन वर्षों में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई द्वारा उद्यानिकी के अतिरिक्त क्षेत्र विस्तार पर 1026 करोड़ रूपए से अधिक राशि खर्च की जायेगी। यह राशि किसानों को पूर्णत- अनुदान के रूप में मुहैया कराई जायेगी। तीन सालों के भीतर 3 लाख 24 हजार 340 हैक्टेयर सिंचित रकबे का विस्तार होगा।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में उपलब्ध पानी से सिंचाई क्षेत्र का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ योजना को आगे बढ़ाया गया है। इससे न केवल सिंचाई रकबा बढ़ेगा बल्कि फसल उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी होगी और खेती लाभ का धंधा बनेगा। साथ ही किसान उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित होंगे। पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ (माइक्रो इरीगेशन) को निरंतरता मिल जाने से वर्ष 2021 - 22 में सिंचित रकबे में 97 हजार 988 हैक्टेयर बढ़ोत्तरी होगी। इसी तरह वर्ष 2022-23 में एक लाख 7 हजार 787 और वर्ष 2023-24 के दौरान सिंचित रकबे में एक लाख 18 हजार 565 हैक्टेयर की वृद्धि की जायेगी।

## अभी तक 3 लाख 2 हजार 641 कोरोना मरीजों तक पहुँची मेडिकल किट

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार होम आइसोलेट कोरोना मरीजों को मेडिकल किटों का वितरण लगातार जारी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि अभी तक 52 जिलों में 3 लाख 2 हजार 641 मेडिकल किट वितरित की जा चुकी हैं। मंत्री श्री सिंह ने बताया है कि 18 अप्रैल से 24 मई के मध्य नगरीय क्षेत्रों में फ़ीवर क्लीनिक एवं होम डिलीवरी के माध्यम से 3 लाख 2 हजार 641 मेडिकल किट कोविड मरीज़ों को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि 18 अप्रैल को 12 हजार 583, 19 अप्रैल को 16 हजार 914, 20 अप्रैल को 11 हजार 465, 21 अप्रैल को 10 हजार 327, 22 अप्रैल को 11 हजार 76, 23 अप्रैल को 11 हजार 17, 24 अप्रैल को 10 हजार 658, 25 अप्रैल को 9 हजार 497, 26 अप्रैल को 9 हजार 360, 27 अप्रैल को 9 हजार 705, 28 अप्रैल को 11 हजार 141, 29 अप्रैल को 9 हजार 347, 30 अप्रैल को 8 हजार 958, एक मई को 10 हजार 253, 2 मई को 9 हजार 112, 3 मई को 8 हजार 439, 4 मई को 9 हजार 301, 5 मई को 8 हजार 455, 6 मई को 8 हजार 866, 7 मई को 7 हजार 983, 8 मई को 7 हजार 746, 9 मई को 7 हजार 450, 10 मई को 7 हजार 248, 11 मई को 7 हजार 387, 12 मई को 7 हजार 931 ,13 मई को 7 हजार 388 ,14 मई को 6 हजार 618, 15 मई को 6 हजार 687 कोविड, 16 मई को 5 हजार 814, 17 मई को 5 हजार 401, 18 मई को 4 हजार 822,19 मई को 4 हजार 830 ,20 मई को 5 हजार 28, 21 मई को 3 हजार 944, 22 मई को 3 हजार 640, 23 मई को 3 हजार 361 और 24 मई को 2 हजार 889 मरीजों को मेडिकल किट वितरित की गई हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव का निधन

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव बीती रात देवलोक गमन कर गए। उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकार जगत एवं समाजसेवियों में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने बीती रात जेएएच के सुपर स्पेशियलिटी वार्ड में अंतिम सांस ली। पिछले तीन हफ्ते पहले कोरोना से संक्रमित होने के बाद सुपर स्पेशियलिटी वार्ड में उनका इलाज चल रहा था। मध्य प्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा अधिमान्य पत्रकार स्व. राजेन्द्र श्रीवास्तव 'नयन' के नाम से ग्वालियर-चंबल संभाग में जाने जाते थे। स्वभावतः मृदुभाषी स्व राजेन्द्र श्रीवास्तव ने अपने 70 वर्ष के जीवनकाल में से लगभग 50 वर्ष पत्रकारिता एवं समाजसेवा को समर्पित किए। शुरुआत में उन्होंने एक साप्ताहिक अखबार का संपादन किया और उसके बाद वे दैनिक देशबंधु से जुड़ गए। लगभग 40 वर्षों तक वे दैनिक देशबंधु के ग्वालियर व्यूरो चीफ रहे। स्व. राजेन्द्र श्रीवास्तव अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती वीना श्रीवास्तव, तीन पुत्रों और एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं। राजेन्द्र श्रीवास्तव के निधन पर ग्वालियर का जनसंपर्क परिवार भी शोकाकुल है। जनसंपर्क परिवार ने उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478